Date 17/6/2020 CLASS: VI HINDI 2ND LANG.

हिन्दी व्याकरण

CH: वचन

"वचन से संख्या का पता चलता है"।

"शब्द के जिस रूप से यह ज्ञात हो कि वह एक के लिए है या अनेक के लिए, उसे वचन कहते हैं।"

वचन के दो भेद होते हैं —

वचन
- एकवचन
- बहुवचन

1) एकवचन : शब्द के जिस रूप से किसी व्यक्ति या वस्तु की एक संख्या की जानकारी मिले, उसे एकवचन कहते हैं।
जैसे —
यह घड़ी कीमती है।
गाय घास खाती है।

2) बहुवचन : शब्द के जिस रूप से किसी व्यक्ति या वस्तु की संख्या एक से अधिक होने की जानकारी मिले, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे —
(i) ये घड़ियाँ कीमती हैं।
(ii) गाएँ घास खाती हैं।

कुछ शब्दों का प्रयोग हमेशा एकवचन में किया जाता है। जैसे — सत्य, दूध, घी, वर्षा, सूरज, पानी इत्यादी।

कुछ शब्दों का प्रयोग हमेशा बहुवचन में किया जाता है। जैसे — प्राण, दर्शन, आँसू, होश, हस्ताक्षर इत्यादी।

वचन परिवर्तन

1) पुल्लिंग शब्दों के अंत में 'आ' होने पर 'ए' हो जाता है। जैसे —

| | | |
|---|---|---|
| घोड़ा - घोड़े | बेटा - बेटे | कपड़ा - कपड़े |
| ताला - ताले | तोता - तोते | पंखा - पंखे |
| संतरा - संतरे | कुत्ता - कुत्ते | रास्ता - रास्ते |

2) स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'अ' के स्थान पर 'एँ' हो जाता है। जैसे —

| | | |
|---|---|---|
| नहर - नहरें | पुस्तक - पुस्तकें | आँख - आँखें |
| बात - बातें | गाय - गायें | चादर - चादरें |
| सड़क - सड़कें | रात - रातें | गेंद - गेंदें। |

3) स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'आ' होने पर 'एँ' जुड़ जाता है। जैसे —

| | | |
|---|---|---|
| माता - माताएँ | समस्या - समस्याएँ | कला - कलाएँ |
| माला - मालाएँ | लता - लताएँ | सेना - सेनाएँ |

4) स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'इ' हो तो 'याँ' जुड़ जाता है। जैसे -

~~तिथि-तिथि~~
तिथि - तिथियाँ  रीति - रीतियाँ  नीति - नीतियाँ
ध्वनि - ध्वनियाँ  शक्ति - शक्तियाँ  राशि - राशियाँ

5) स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'ई' आया हो तो 'ई' का 'इ' हो जाता है और 'याँ' जुड़ता है।
जैसे -

~~नदी - नदीयाँ  गाड़ी - गाड़ीयाँ  सब्जी - सब्जीयाँ~~ सब्जियाँ
~~दवाई दवाईयाँ  सख~~

नदी - नदियाँ  गाड़ी - गाड़ियाँ  सब्जी - सब्जियाँ
दवाई - दवाइयाँ  सखी - सखियाँ  रोटी - रोटियाँ

6) स्त्रीलिंग शब्द के अंत में 'या' आने पर 'याँ' हो जाता है। जैसे -

चिड़िया - चिड़ियाँ  बुढ़िया - बुढ़ियाँ  गुड़िया - गुड़ियाँ
बिटिया - बिटियाँ  बंदरिया - बंदरियाँ
चुहिया - चुहियाँ

[HOME-WORK]

1) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए -

(i) महिला - ______
(ii) टोपी - ______
(iii) धातु - ______
(iv) कन्या - ______
(v) मुँज - ______
(vi) सेना - ______
(vii) रात - ______
(viii) गाय - ______
(ix) मित्र - ______
(x) गुरु - ______
(xi) दवाई - ______
(xii) पुस्तक - ______

2) दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए -

(क) चुहिया बिल में है।

(ख) मेरी सखी चली गई।

(ग) उसकी शक्ति क्षीण हो गई थी।

(घ) तोता उड़ गया।

(ङ) पंखा चल रहा है।

(च) लड़के खेल रहे हैं।

3) कोष्ठक में दिए गए शब्दों का सही वचन भरकर वाक्य पूर्ण कीजिए —

i) ________ भौंक रहे थे। (कुत्ता)

ii) चोर ________ तोड़कर घर में जा घुसा। (ताले)

iii) भारत में कई वीर ________ थीं। (जाति)

iv) स्टेशन के बाहर ________ खड़ी थीं। (गाड़ी)

v) ________ प्रार्थना करने में मग्न हैं। (भक्त)

vi) यहाँ केवल ________ बैठ सकती हैं। (महिला)

4) निम्नलिखित शब्दों के सही बहुवचन रूप पर (✓) चिह्न लगाइए —

(क) गुड़िया
(i) गूड़ियाँ ☐ (ii) गुड़ियों ☐ (iii) गुड़ियाँ ☐

(ख) रोटी
(i) रोटियाँ ☐ (ii) रोटीयाँ ☐ (iii) रोटीएँ ☐

(ग) कन्या
(i) कन्याओं ☐ (ii) कन्याएँ ☐ (iii) कन्याए ☐

(घ) रीति
(i) रीतीयाँ ☐ (ii) रीतियाँ ☐ (iii) रीतिएँ ☐

(ङ) बहू
(i) बहूओं ☐ (ii) बहुएँ ☐ (iii) बहूँ ☐

(च) रास्ता
(i) रास्तों ☐ (ii) रास्ते ☐ (iii) रास्ताएँ ☐

(छ) छाता
(i) छाते ☐ (ii) छाताएँ ☐ (iii) छातों ☐

(ज) मछली
(i) मछलीयाँ ☐ (ii) मछलियाँ ☐ (iii) मछलीएँ ☐